पेज थ्री
देहरादून



पार्टी कार्यकर्ताओं देहरादून पहुंचे मनीष सिसोदिया का स्वागत करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मनीष सिसोदिया पहुंचे दून, पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता व पार्टी पदाधिकारी उत्तराखण्ड पहुंच रहे है। इस क्रम में आज दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया अपने दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखण्ड पहुंचे जहां जौलीग्रांट एयरपोर्ट में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। बता दें कि राज्य में तीसरे विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी अपनी जड़े जमाने के प्रयासों में जुटी हुई है। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उत्तराखण्ड में कई जगहों का दौरा कर राज्य में आप की सरकार बनाने का दावा भी किया गया है।

### लैंसडाउन से चुनाव लड़ने के हरक सिंह रावत की बहू अनुकृति ने दिए संकेत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की बीजेपी सरकार में कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं रावत ने एक बार फिर पौड़ी जिले की लैंसडाउन विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। अनुकृति ने साफ कर दिया है कि जो भी पार्टी उन्हें टिकट देगी वह जीतकर उस पार्टी के विश्वास पर खरा उतरेंगी। समाजसेवी और कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं रावत ने लैंसडाउन विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

### मकर संक्रांतिः जानिए इस पर्व का आध्यात्मिक महत्व

**संवाददाता** देहरादून। जनवरी माह की 14 तारीख को मकर संक्रांति का उत्सव पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। अधिकांश लोग यूँ तो इस पर्व को सिर्फ फसल–कटाई के त्योहार के तौर पर ही समझते और मानते हैं। पर क्या आप जानते हैं? दक्षिण भारत में इस दिवस का माहात्म्य अत्यंत पावन और आध्यात्मिक है। खास कर केरल प्रदेश में यह दिन भगवान 'अय्यप्पा' को समर्पित है। भगवान अय्यप्पा के धाम तक पहुँचने की यात्रा कई पड़ावों से होकर गुजरती है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की नई कैमरी हाइब्रिड पेश

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नई कैमरी हाइब्रिड पेश करने की घोषणा की। इसकी डिजाइन में ताजगी लाने वाले बदलाव किए गए हैं ताकि इंटेलीजेंट और सहज अनुभूति वाले सेडान की शक्ति, विलासिता, शैली और भव्यता को बढ़ाया जा सके। बाहर की तरफ, एक नई डिजाइन फ्रंट बंपर, ग्रिल और अलॉय व्हील कैमरी हाइब्रिड के बोल्ड और परिष्कृत लुक को और बेहतर करते हैं। इंटीरियर में ग्राहकों की बढ़ती पसंद के अनुरूप डिजाइन में बदलाव देखने को मिलता है।

# युवा उत्तराखंड, युवा सीएम के नारे ने उम्रदराज नेताओं की उड़ाई नींद

**चुनावी समर**

■ चुनाव में 60 व इससे ऊपर की उम्र के कई नेता टिकट की दौड़ में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड की पांचवीं विधानसभा के चुनावी समर में प्रदेश के कई दिग्गज राजनीति के निर्णायक मोड पर खड़े नजर आ रहे हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत हों या फिर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज। दिग्गजों में कुछ वो हैं, जो एक बार फिर समर में उतरने की तैयारी कर रहे हैं और कुछ ऐसे जो बाहर खड़े होकर 2002 के चुनावी समर में अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर उधेड़बुन में हैं।

प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा युवा नेतृत्व अबकी बार साठ पार के नारे के साथ चुनाव में उतरी है। युवा चेहरे पर चुनाव लड़ने की भाजपा की रणनीति को समझा जा सकता है कि उसकी नजर प्रदेश के युवा वोट बैंक पर भी है। लेकिन भाजपा के युवा उत्तराखंड, युवा मुख्यमंत्री का नारे ने पार्टी के उम्रदराज नेताओं की नींद उड़ा रखी है। सियासी जानकारों मानना है कि 2022 का चुनावी समर भाजपा के कई दिग्गजों के सियासी करियर के लिए निर्णायक होने जा रहे हैं।

इस चुनाव में 60 व इससे ऊपर की उम्र के कई नेता टिकट की दौड़ में हैं। इनमें कई दिग्गज तो पार्टी में आयु के मानकों को भी लांघ चुके हैं। लेकिन अपने चुनाव क्षेत्र में वे अनुभव और प्रभाव के हिसाब से दूसरे दावेदारों पर भारी हैं। उनकी पुरजोर कोशिश हर हाल में टिकट हासिल करने की है। मिसाल के तौर पर सरकार के तीन कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, बिशन सिंह चुफाल और बंशीधर भगत 70 वर्ष या उससे ऊपर हैं। ये तीनों दिग्गज चुनाव क्षेत्र में सक्रिय हैं और फिर से ताल ठोकने को बेताब हैं। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत, सुबोध उनियाल और गणेश जोशी साठ साल से ऊपर हो चुके हैं और चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि युवा चेहरे पर लड़ा जा रहा ये चुनाव 60 व उससे अधिक उम्र के नेताओं के राजनीतिक करियर के लिए यह निर्णायक है। इनमें त्रिवेंद्र सिंह रावत मुख्यमंत्री रह चुके हैं और सतपाल महाराज और डॉ. हरक सिंह रावत के नाम अकसर मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल होते रहे हैं। यह 2022 का चुनाव परिणाम बताएगा कि इन दिग्गजों के हाथ क्या लगता है और उनकी भावी भूमिका क्या होती है।



**भाजपा के इन सियासी दिग्गजों का क्या होगा उपयोग?:** भाजपा ने बेशक अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन पार्टी के कई दिग्गज चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। इन दिग्गजों को लेकर यह सवाल भी सियासी हलकों में तैर रहा है कि चुनाव में ताल ठोकने को बेताब इन सियासी दिग्गजों पार्टी क्या उपयोग करेगी?

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत डोईवाला विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री की चौबट्टाखाल से ताल ठोकने की तैयारी है। कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत कालाढूंगी से और बिशन सिंह चुफाल डीडीहाट से चुनाव लड़ने को बेताब नजर आ रहे हैं। इनमें भगत 71 वर्ष और महाराज 70 वर्ष के हैं। उनकी तुलना में त्रिवेंद्र(61 वर्ष) की उम्र काफी कम है।

### भाजपा का दारोमदार युवाओं के कंधे पर

सियासी जानकारों का मानना है कि युवा चेहरे पर दांव लगाकर भाजपा ने संदेश साफ कर दिया है कि संगठन की जिम्मेदारी अधिक उम्र के नेताओं के हाथों में होगी या नौजवान चेहरों के हाथों में। बहुत कुछ चुनाव परिणाम पर भी निर्भर करेगा। हालांकि पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि 21वीं सदी की भाजपा का दारोमदार युवाओं के कंधे पर आने वाला है।

### कांग्रेस में 60 की उम्र पार वालों पर रहेगा जीत का दारोमदार

विधानसभा चुनावी समर में इस बार कांग्रेस की नैया पार लगाने का दारोमदार काफी हद तक 60 की उम्र पार कर चुके नेताओं के कंधे पर है। जबकि चुनाव अभियान समिति की कमान खुद हरीश रावत संभाल रहे हैं, जो 78 वर्ष की उम्र में भी युवाओं चुनौती देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस में इस बार भी 40 से अधिक नेताओं ने दावेदारी पेश की है। उम्र के इस पड़ाव में कइयों के लिए यह चुनाव आर–पार का होने जा रहा है।

# रात के अंधेरे में भाजपा नेताओं से मिले किशोर उपाध्याय!

**आरोप**

■ सभी पदों से हटाया, चोरी छिपे मिल रहे थे भाजपा नेताओं से

**संवाददाता**

देहरादून। बुधवार को कांग्रेस ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय को चुनाव संबंधित समितियों समेत सभी पदों से हटा दिया है। इस संबंध में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने आदेश जारी कर दिया है। किशोर उपाध्याय पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने और भाजपा के नेताओं से मुलाकात कर कांग्रेस की सरकार के खिलाफ मुहिम को कमजोर करने का आरोप लगाया गया है।

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय के रात के अंधेरे में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री और चुनाव प्रभारी से मुलाकात ने राजनीति को गर्मा दिया है। इससे कांग्रेस भी असहज नजर आ रही थी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने ऐसी किसी संभावना से इन्कार किया। उन्होंने कहा कि किशोर भाजपा जैसी सांप्रदायिक पार्टी में जाएंगे, ऐसा नहीं लगता।

**कांग्रेस छोड़ने की चर्चाएं तेज** बता दें कि प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने चार जनवरी की रात भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार से उनके फ्लैट में मुलाकात की थी। इस दौरान वहां केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के चुनाव प्रभारी प्रल्हाद जोशी भी मौजूद थे।

इस मुलाकात के बाद किशोर उपाध्याय के भाजपा में जाने की चर्चाएं तेज हो गईं थीं। दरअसल, बीते दिनों किशोर उपाध्याय भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख व राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी से भी मिले थे। उनके भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद कांग्रेस छोड़ने की चर्चाएं तेज हो गए थी।

**कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र समिति की हुई वर्चुअल बैठकः** कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र समिति की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में समिति अध्यक्ष नवप्रभात व संयोजक सूर्यकांत धस्माना समेत सदस्यों ने शिरकत की। यह तय किया गया कि चुनाव घोषणापत्र में उपनल कर्मचारियों की मांगों को भी जगह दी जाएगी।

### आज हो सकती है कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर 13 जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। इस बैठक में कांग्रेस के प्रत्याशियों के नामों पर मंथन किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि गुरूवार को होने वाली बैठक में कई नामों को फाइनल भी कर दिया जाएगा। क्योंकि 21 जनवरी से उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 की नामाकंन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

### दून के एक नामी स्कूल के आठ छात्र हुए कोरोना से संक्रमित

**संवाददाता** देहरादून। सेलाकुई के एक नामी स्कूल के आठ बच्चे कोरोना पाजिटिव पाये गये जिनको स्कूल के ही हॉस्टल में क्वारंटीन किया गया।

प्रदेश में कोराना संक्रमण की रफ्तार रूकने का नाम नहीं ले रही है। पहली और दूसरी लहर की तरह ही कोरोना की तीसरी लहर में भी देहरादून कोरोना संक्रमण में सबसे आगे चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के हैल्थ बुलेटिन के अनुसार अकेले देहरादून जिले में 991 कोराना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। अगर देखा जाये तो राज्य में राज्य में कुल 2146 कारोना मरीजों में सबसे अधिक संख्या देहरादून जनपद में पायी गयी है। जोकि अपने आपमें काफी चिन्ता का विषय है। वहीं आज सेलाकुई के एक नामी स्कूल के आठ छात्र भी करोना पॉजिटिव पाये गये। जिससे स्वास्थ्य विभाग में भी काफी खलबली मची हुई है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।